Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 17-03-2006

Participants : Gill Shri Atma Singh

an>

Title : Need to enhance Minimum Support Price of cotton in the Country.

श्री आत्मा सिंह गिल (सिरसा) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान हरियाणा व पंजाब के कपास उख्पादक किसानों की समस्याओं की ओर आकर्ाित करना चाहता हूं। कपास उत्पादक किसान नरमें का उचित भाव न मिलने के कारण लगातार कर्ज के बोझ से दबता चला जा रहा है, आज खेती से किसान को लाभ की बजाय हानि हो रही है और किसान भुखमरी, गरीबी एवं लाचारी के कागार पर पहुंचता जा रहा है। डीजल व खाद के दाम निरंतर बढ रहे हैं लेकिन किसानों को उसके उत्पाद का उचित भाव नहीं मिल रहा है। पिछले साल कपास का समर्थन मूल्य 1800 रूपया प्रति क्विंटल घोाित किया गया था जो कि काफी नहीं था, इससे तो किसान का कर्ज भी नहीं उतरा। अध्यक्ष महोदय, किसान देश की भूख मिटाने के लिए स्वयं भूखा रहकर दिन रात खून पसीना बहाता है तथा इतनी मेहनत करने के बावजूद निरंतर कर्ज में डूबता जा रहा है। पिछले कई वाोंं में कर्ज का बोझ न झेल सकने के कारण किसानों ने आत्महत्यायें तक की हैं। अध्यक्ष महोदय आज बी.टी. कॉटन बीज की कीमत 2000 रूपया, डी.ए.पी/यूरिया खाद 1500 रूपया, दवाई सप्रे 3000 रूपया, मजदूरी/बिजाई 1000 रूपया सिंचाई/पानी 1000 रूपया, तथा किसान की मेहनत 2000 रूपया लागत पड़ती है। अध्यक्ष महोदय प्रति एकड़ लगभग 11 हजार रूपया खर्च आता है। आज कपास उत्पादक किसान के लिए कपास की खेती करना घाटे का सौदा साबित हो रही है।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि किसानों की समस्याओं को देखते हुए नरमे/कपास का समर्थन मूल्य कम से कम 3000 रूपया प्रति क्विंटल घोाित करे ताकि किसानों को राहत मिल सके।

---

* Treated as laid on the Table.